दैनिक
प्रातः कालीन
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 03 अंक :- 156 मुरादाबाद, 25 September 2023 (Monday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करे:9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999/- में
न्यूज़ पेपर डिज़ाइन कराये कम दम में


## संक्षिप्त समाचार



### पुल के नीचे आठ बोरों में मिले पशु अवशेष, गुस्साए ग्रामीणों ने बदायूं हाईवे पर लगाया जाम

बरेली-बदायूं हाईवे पर रामगंगा से आगे सरदार नगर के दो पुलों के नीचे आठ बोरों में संरक्षित पशुओं के अवशेष पड़े देखकर ग्रामीण जुट गए। गुस्साए ग्रामीणों ने हंगामा कर दिया। बरेली जिले में गोकशी के मामले थम नहीं रहे। आए दिन कहीं न कहीं गोवंशीय पशु अवशेष मिल रहे हैं। भमोरा थाना क्षेत्र में रविवार सुबह बरेली-बदायूं मार्ग पर सरदार नगर के समीप बने पुल के नीचे आठ बोरों में संरक्षित पशु के अवशेष मिलने से ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। हिंदू संगठन के साथ बड़ी तादाद में ग्रामीण मौके पर जुट गए। गुस्साए ग्रामीणों ने बदायूं हाईवे पर जाम लगा दिया। पुलिस ने समझाकर लोगों को हाईवे से हटाया। बदायूं हाइवे पर रामगंगा से आगे सरदार नगर के दो पुलों के नीचे आठ बोरों में संरक्षित पशुओं के अवशेष पड़े देखकर ग्रामीण जुट गए। हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारी मनोज गुप्ता के नेतृत्व में कई कार्यकर्ता पहुंच गए। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए हंगामा किया। पुल के ऊपर हाइवे पर जाकर लोगों ने जाम लगा दिया। करीब 10 मिनट तक हाईवे जाम रहा। सीओ आंवला दीपशिखा और आसपास के थानों की फोर्स मौके पर पहुंच गई। लोगों को समझाकर हटाया गया। साथ ही पशु अवशेष का सैंपल लेकर अवशेष जेसीबी से गड्ढा खोदवा कर दफना दिए गए।

# पीएम मोदी ने देश को दिया नौ वंदे भारत ट्रेन का तोहफा, कहा- इससे बढ़ रहा रोजगार






प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश में आधुनिक कनेक्टिविटी विस्तार का यह अभूतपूर्व अवसर है। इंफ्रास्ट्रक्चर विकास की यह गति और स्केल 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं से बिल्कुल मैच कर रही हैं और यही आज का भारत चाहता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज देशवासियों को एक साथ नौ वंदे भारत ट्रेनों का तोहफा दिया। पीएम मोदी दक्षिण मध्य रेलवे ( एससीआर ) की दो सेवाओं सहित नौ वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। पीएम मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये काचीगुडा-यशवंतपुर और विजयवाड़ा-एमजीआर चेन्नई सेंट्रल मार्गों के बीच वंदे भारत ट्रेन सेवा का उद्घाटन किया। वहीं, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कार्यक्रम में भाग लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश में आधुनिक कनेक्टिविटी विस्तार का यह अभूतपूर्व अवसर है। इंफ्रास्ट्रक्चर विकास की यह गति और स्केल 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं से बिल्कुल मैच कर रही हैं और यही आज का भारत चाहता है। उन्होंने कहा कि आज जिन ट्रेनों को शुरू किया गया है, वे पहले की तुलना में ज्यादा आधुनिक और आरामदायक हैं। ये वंदे भारत ट्रेनें नए भारत के नए जोश, नए उत्साह और नई उमंग का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हम सभी जानते हैं कि ऐसे कई रेलवे स्टेशन हैं जो पिछले कई सालों से विकसित नहीं हुए हैं। इन स्टेशनों को विकसित करने का काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि अमृत काल में बने नए स्टेशन अमृत भारत स्टेशन कहलाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि वंदे भारत ट्रेनों ने पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों में भी तेजी ला दी हैं। जिन जगहों पर वंदे भारत ट्रेन पहुंच रही हैं, वहां पर्यटकों की संख्या बढ़ रही है। इससे वहां रोजगार के अवसर भी पैदा हो रहे हैं।

### 530 यात्रियों की बैठने की क्षमता

आधिकारिक बयान के अनुसार, काचीगुडा-यशवंतपुर के बीच वंदे भारत ट्रेन सेवा इस मार्ग की अन्य ट्रेनों की तुलना में कम से कम यात्रा समय के साथ दोनों शहरों के बीच सबसे तेज ट्रेन होगी। इसमें 530 यात्रियों की बैठने की क्षमता है। विजयवाड़ा - एमजीआर चेन्नई सेंट्रल मार्ग पर ट्रेन इस मार्ग पर पहली और सबसे तेज ट्रेन होगी। इसके अलावा, पश्चिम बंगाल को पटना-हावड़ा और रांची-हावड़ा मार्गों और हावड़ा-कोलकाता के जुड़वां शहरों के बीच दो और वंदे भारत ट्रेन सेवाएं भी मिलेंगी। रेलवे ने पटना-झाझा, आसनसोल, बर्दवान, हावड़ा मुख्य मार्ग पर पटरियों को मजबूत करने के साथ ही पटना-हावड़ा मार्ग पर सेमी हाई-स्पीड ट्रेन संचालन की तैयारी शुरू कर दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने 15 फरवरी, 2019 को नई दिल्ली और वाराणसी के बीच चलने वाली पहली वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई थी। चेन्नई में इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आईसीएफ) में निर्मित, ट्रेन सेट मेक-इन-इंडिया पहल का प्रतीक है और भारत की इंजीनियरिंग कौशल को प्रदर्शित करता है। अधिकारियों के अनुसार, पटना-हावड़ा और रांची-हावड़ा मार्गों के लिए नई रेक में 25 अतिरिक्त सुविधाएं होंगी।

### गुजरात में 27 को 4500 करोड़ की परियोजनाओं की करेंगे शुरुआत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शिक्षा क्षेत्र से संबंधित 4,500 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शुभारंभ करने के लिए 27 सितंबर को गुजरात का दौरा करेंगे। इसके अलावा आदिवासी बहुल छोटाउदयपुर जिले के बोडेली शहर में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करेंगे। प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा सचिव विनोद राव ने कहा, बोडेली में सभा को संबोधित करने से पहले पीएम मोदी राज्य सरकार की मिशन स्कूल ऑफ एक्सीलेंस पहल के तहत विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे। मिशन स्कूल ऑफ एक्सीलेंस योजना का उद्देश्य स्कूली के बुनियादी ढांचों का उन्नयन, नए और स्मार्ट कक्षाओं एवं कंप्यूटर प्रयोगशालाओं का निर्माण, राज्य में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाना है। योजना को पिछले साल अक्तूबर में गुजरात के अडालज गांव में आयोजित एक कार्यक्रम में लॉन्च किया गया था। इसके तहत राज्य सरकार अगले पांच वर्षों में 10,000 करोड़ रुपये खर्च कर सभी 35,133 सरकारी और 5,847 अनुदान प्राप्त स्कूलों का उन्नयन करेगी। राव ने कहा इस अवसर पर प्रधानमंत्री राज्य में शिक्षा क्षेत्र से संबंधित कई अन्य नई योजनाएं भी शुरू करेंगे, जिनमें स्वामी विवेकानंद ज्ञान शक्ति आवासीय विद्यालय, रक्षा शक्ति विद्यालय, मुख्यमंत्री ज्ञान सेतु मेरिट छात्रवृत्ति और मुख्यमंत्री ज्ञान साधना मेरिट छात्रवृत्ति शामिल हैं।

# एमपी-छत्तीसगढ़ में जीत तय, पर तेलंगाना-राजस्थान.., राहुल ने चुनावों को लेकर कही बातें




राहुल गांधी ने कहा कि हमने कर्नाटक में एक बहुत ही महत्वपूर्ण सबक सीखा। सबक यह था कि भाजपा ध्यान भटकाकर चुनाव जीतती है और हमें अपना पक्ष रखने की अनुमति नहीं देती है।कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आगामी चुनावों को लेकर बड़े दावे किए। वहीं, एक बार फिर भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हमने कर्नाटक में एक बहुत महत्वपूर्ण सबक सीखा है।

सबक यह था कि भाजपा ध्यान भटकाकर चुनाव जीतती है। दरअसल, राहुल दिल्ली में एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। राहुल गांधी ने कहा, %हमने कर्नाटक में एक बहुत ही महत्वपूर्ण सबक सीखा। सबक यह था कि भाजपा ध्यान भटकाकर चुनाव जीतती है और हमें अपना पक्ष रखने की अनुमति नहीं देती है। यही पैंतरा हमने कर्नाटक में अपनाया। हम उसी की तरह चुनाव लड़े। हमने उसे अपना पक्ष रखने का समय ही नहीं दिया। कांग्रेस नेता ने कहा कि आज आप जो देख रहे हैं, बिधूड़ी और फिर अचानक यह निशिकांत दुबे, यह सब जाति जनगणना के विचार से ध्यान भटकाने की कोशिश करने के लिए भाजपा कर रही है। उन्होंने विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया पर भी बात की। कहा कि भारत के किसी भी व्यवसायी से पूछिए कि अगर वे किसी विपक्षी दल का समर्थन करते हैं तो उनका क्या होता है। उन्होंने कहा कि अब हम एक राजनीतिक दल से नहीं लड़ रहे हैं, हम भारत के विचार की रक्षा करने के लिए लड़ रहे हैं और इसलिए हमने अपना नाम INDIA रखा है। राहुल गांधी ने कहा, अभी हम शायद तेलंगाना में जीत रहे हैं। हम निश्चित रूप से मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ में जीत रहे हैं। इसके अलावा, हम राजस्थान में भी जीत के बहुत करीब हैं। उन्होंने कहा कि हमें लगता है कि हम जीतने में सक्षम होंगे। वन नेशन, वन इलेक्शन पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा, यह भाजपा की ध्यान भटकाने वाली रणनीतियों में से एक है। भारत में मुख्य मुद्दे बड़े पैमाने पर बेरोजगारी और निचली जाति, ओबीसी व आदिवासी समुदायों के प्रति भारी अन्याय हैं।

# नीतीश कुमार होंगे I.N.D.I.A गठबंधन के प्रधानमंत्री उम्मीदवार, बिहार विधानसभा के डिप्टी स्पीकर का बड़ा दावा



आईएनडीआईए गठबंधन के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार नीतीश कुमार होंगे! यह दावा बिहार के जदयू नेता और विधानसभा के डिप्टी स्पीकर महेश्वर हजारी ने रविवार को किया। उन्होंने सवालों का जवाब देते हुए नीतीश कुमार को प्रधानमंत्री पद के योग्य बताया। इसके साथ ही उन्होंने साल 2024 के लोकसभा चुनावों को लेकर पार्टी की तैयारी पर भी बात की।बिहार विधानसभा के डिप्टी स्पीकर महेश्वर हजारी ने रविवार को आईएनडीआईए गठबंधन को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही गठबंधन की ओर से प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि नीतीश कुमार के अलावा अन्य कोई नेता इसके लिए क्षमतावान नहीं है। उन्होंने कहा कि गठबंधन की ओर से जल्द ही इस संबंध में घोषणा की जाएगी।विधान सभा के उपाध्यक्ष और जनता दल (यूनाइटेड) के नेता महेश्वर हजारी ने दावा तब किया जब उनसे मीडिया ने साल 2024 के लोकसभा चुनावों को लेकर पार्टी की ओर से की जा रही तैयारियों को लेकर सवाल पूछा गया।महेश्वर हजारी ने जवाब देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अंदर देश का प्रधानमंत्री बनने की सारी योग्यताएं हैं। उन्होंने कहा कि आईएनडीआईए गठबंधन (I.N.D.I.A Alliance) जब भी अपने प्रधानमंत्री उम्मीदवार (PM Candidate) का ऐलान करेगा, तो नीतीश कुमार का ही नाम होगा। बता दें कि विपक्षी दलों को एक मंच पर लाने की मुहिम बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ही शुरू की है। हालांकि, आईएनडीआईए गठबंधन बनने के बाद उसकी तीन बैठकें हो चुकी हैं। परंतु ना तो अभी तक नीतीश कुमार को गठबंधन का संयोजक बनाया गया है और ना ही उन्हें प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के तौर पर स्वीकार्यता ही मिली है।

# इंसानों की तरह पशुओं के जन्म-मृत्यु का बनाया जाए रजिस्टर, केंद्रीय पशुपालन मंत्री ने दिया सुझाव



पशुओं की प्रभावी ट्रैकिंग, टीकाकरण, रोग से निदान, तस्करी और मृत्यु की वजह पता करना चुनौती है। लिहाजा, पशुओं का भी मनुष्यों की तरह जन्म-मृत्यु रजिस्टर होना चाहिए। यह सुझाव शनिवार को भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान इज्जतनगर की ओर से आयोजित अखिल भारतीय राज्य पशुपालन निदेशक इंटरफेस मीट-2023 में केंद्रीय मत्स्य, पशुपालन और डेयरी मंत्री परषोत्तम रूपाला ने दिए। इंटरफेस मीट में केंद्रीय मंत्री ने आईवीआरआई इज्जतनगर के निदेशक डॉ. त्रिवेणी दत्त के प्रयास को सराहा। सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। राज्य पशुपालन निदेशकों से भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए किसानों, पशुपालकों को नई तकनीकों से लैस करने का आग्रह किया। इंटरफेस मीट में देश के 28 राज्य, छह केंद्र शासित प्रदेशों के पशुपालन विभाग के निदेशकों और आयुक्तों ने प्रतिभाग किया। इसके लिए केंद्रीय मंत्री ने आईवीआरआई इज्जतनगर के निदेशक डॉ. त्रिवेणी दत्त के प्रयास को सराहा। राज्यों के निदेशक और आयुक्तों से आईवीआरआई की ओर से किए जा रहे कार्यों की तर्ज पर राज्य के विभागों को, राज्य विश्वविद्यालयों के सहयोग से अनुसंधान गतिविधि शुरू करने को प्ररित किया। केंद्रीय मंत्री ने केंद्र सरकार की ओर से चल रही योजना की जानकारी दी। राज्य पशुपालन निदेशकों से भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए किसानों, पशुपालकों को नई तकनीकों से लैस करने के लिए राज्यों में क्षमता निर्माण कार्यक्रम लागू करने का आग्रह किया।

### एएमआर से निपटने के तैयार करें हर्बल विकल्प

पशुपालन आयुक्त डॉ अभिजीत मित्रा ने आईवीआरआई को एंटीमाइक्रोबियल रेसिस्टेंस यानी एएमआर से निपटने के लिए एंटीबायोटिक के प्रयोग को कम करने के लिए हर्बल विकल्प खोजने का सुझाव दिया। कहा कि परजीवी नियंत्रण के अनुसंधान के साथ नई वैक्सीन भी तैयार करनी चाहिए। छुट्टा पशुओं की समस्या से निजात के लिए भी कार्ययोजना तैयार करने को कहा।

### टीकों की गुणवत्ता परख रहा आईवीआरआई

संस्थान के निदेशक डॉ. त्रिवेणी दत्त ने बताया कि राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एनएडीसीपी) के तहत आईवीआरआई को आयातित, घरेलू उत्पादित टीकों की गुणवत्ता परीक्षण का कार्य केंद्र सरकार ने सौंपा है। अभी 23 वायरल, 11 बैक्टीरियल, टीकों का परीक्षण हो रहा है। इसके अलावा ब्रूसेल्ला और पीपीआर वैक्सीन के 200 बैच, एफएमडी के 400 बैच, सीएसएफ वैक्सीन के 50 बैच परीक्षण का लक्ष्य है।

### क्षमता निर्माण के लिए मांगे जरूरी संसाधन

निदेशकों ने अपने-अपने राज्यों में पशुपालन, रोग निदान और पशु चिकित्सकों के क्षमता निर्माण से संबंधित समस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने गर्भाशय निदान के लिए किट, खाद्य स्वच्छता प्रयोगशाला का विकास, स्वदेशी टीकों का विकास, आनुवंशिक उन्नयन, डीएनए लैब, अफ्रीकी स्वाइन फीवर डायग्नोसिस और वायबल वैक्सीन के विकास, ब्रूसेला के साथ एफएमडी, एचएस और बीक्यू के लिए संयुक्त वैक्सीन उत्पादन, फेरोमोन आधारित उत्पादों से संबंधित एथनो-वेटनरी चिकित्सा पद्धति, पशु बायोमेट्रिक्स, इलेक्ट्रॉनिक डोंगल आदि की मांग रखी।

### इंटरफेस मीट में यह रहे मौजूद

संयुक्त निदेशक (प्रसार शिक्षा) डॉ. रूपसी तिवारी, संयुक्त निदेशक, शैक्षणिक डॉ. एसके मेंदीरत्ता, प्रधान वैज्ञानिक डॉ. बबलू कुमार, संयुक्त निदेशक शोध डॉ. एसके सिंह,आईटीएमयू प्रभारी डॉ. अनुज चौहान, पशु पुनरूत्पादन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एमएच खान आदि वैज्ञानिकों ने भी आईवीआरआई के कार्यों की प्रस्तुति दी।

संपादकीय Editorial

# Unanimous parliament

Is Indian politics changing? Can there be political consensus on other issues like women's reservation and empowerment? Is consensus and unity on women's reservation at the level of ideas or is it a compulsion to vote? After the Women's Reservation Bill becomes law, will this system be implemented in letter and spirit or will the reserved category continue to be deferred? If we remember the parliamentary experiences during the four attempts of the Vajpayee government and the Manmohan Singh government of the UPA, then in comparison the 'Nari Shakti Vandan' bill has been passed almost unanimously in both the houses of the Parliament. In the Lok Sabha, 454 votes were in favor of the bill and Owaisi and one more MP from his party, i.e. only 2 votes, went against the bill. All 215 MPs present in the Rajya Sabha supported the bill. However, the total strength of the Upper House is 245 MPs. This political expression and maturity is subjective, but the staunch opponents unanimously supported the BJP government's bill, this is important politics. Some loud voices were heard in both the houses of the Parliament, some protests were also seen, their logical views were also put forward, but there was no uproar, indecent comments, dissatisfaction, anarchy, drama and even throwing the MPs out of the House by Marshal. . MPs from Congress, DMK, Trinamool Congress, SP, BSP, Janata Dal-U etc. also demanded reservation for OBC women. Questions regarding caste census were also asked, the timing of implementation of reservation was also asked, concerns were presented on political views, but when it came to division of votes, votes were cast in support of the bill. The entire opposition had to lay down its arms in front of the necessity and compulsion of connecting women empowerment and mother power with the mainstream of development, power and policy-making, because now the mandate of women is proving to be decisive.

After 2014, women have voted more than men in most elections. This trend is also increasing that now women vote according to their conscience and their thinking. In the 2019 Lok Sabha elections, 67.18 percent women voted, while the male vote was a little more than 65 percent. More than 36 percent women voted in favor of BJP, while about 20 percent women voted in support of the largest opposition party, Congress. The total number of women votes may increase in 2024, hence this political compulsion is also working behind women's reservation. Most of the beneficiary projects of the Modi government are women-centric. Now, after the 'Nari Shakti Vandan Act' is passed almost unanimously in the Parliament, BJP will promote it across the country. However, the coming period will belong to women. Now after being passed by the Parliament, the bill will be sent to the assemblies. After the approval of 50 percent of the assemblies, it will be sent to the President. After the signature of the President, it will take the form of law.

Then both census and delimitation are essential conditions. Home Minister Amit Shah has assured in the Lok Sabha that the census will be started after the 2024 general elections. It is certain that this process will be completed only by 2026. At present, Lok Sabha seats were determined on the basis of 1971 census. Now the population of the country is around 140 crores, hence the number of houses should be decided on that basis. A new Delimitation Commission will also be formed.

# Hope of returning to stability

After political turmoil in Pakistan, the Election Commission has finally announced the general elections. The Election Commission has said that general elections will be held in Pakistan in the last week of January. There is hope that stability will return to Pakistan after the elections. Pakistan Election Commission announced on Thursday that the general elections there will be held in the last week of January. Although the voting dates have not been announced, in the current situation it is no less clear that the work of electing the next government will be done by the end of January. Last August, the then Shahbaz Sharif government had dissolved the National Assembly, a few days before the completion of its term. After that, according to the rules, there was 90 days time for new elections. But due to problems related to census and delimitation, it was also certain that this time the elections would be delayed further. Politically, the arrest of former Prime Minister Imran Khan has made the situation complicated. Economically, Pakistan is going through serious crises. Thanks to the $3 billion bailout package from the International Monetary Fund (IMF) in July, it has managed to postpone the threat of default looming over it for some time, but the crisis continues. Especially the skyrocketing inflation has made the life of common people difficult. What was making the situation more difficult in such a situation of all-round crisis was the uncertainty regarding the next elections. Although the caretaker government of interim Prime Minister Anwarul Haq Kakar is looking after the day-to-day affairs, this apprehension is troubling all the concerned parties. Was making sure that the elections should not be postponed just citing the current crisis. This is why the Election Commission's announcement has created a wave of hope there. This was reflected not only in political circles but also in Pakistan's benchmark index KSE 100, which rose by 550 points after the Election Commission's announcement. But the important question is whether the election results will be able to fulfill the hope of political stability that the announcement of elections has created? It seems difficult at the moment to answer yes because former Prime Minister Imran Khan, who has been on the top of the popularity graph for some time, is in jail and has been disqualified from contesting the elections. However, his party PTI is still in the race for elections and will try its best to get maximum benefit from the sympathy of Imran supporters. But on the one hand, the anger of the Pakistani Army against them remains intact and on the other, the parties of Bilawal Bhutto Zardari and Shahbaz Sharif will leave no stone unturned to take maximum advantage of the current equation. In such a situation, whichever party comes to power after the elections, if due to that some peace and stability is established there, then it will be a matter of relief not only for that country but for the entire South Asia.


# Congress white paper

When I picked up the sweets with a borrowed spoon, the syrup slipped and stuck to my mouth. The Congress government is examining how much the politics playing with the arrows of debt has hurt the government treasury. After almost two and a half decades, when any government took the trouble to bring out a white paper on the economic condition of the state, it was found that even in the circumstances of deficit, a lot of work has been done in wasteful expenditure of borrowings. Obviously, the white paper of Congress, due to its financial compulsions, has brought to the table the shortcomings of the previous Jairam government. The committee formed by the Sukhu government under the chairmanship of Deputy Chief Minister Mukesh Agrihotri on the condition of empty treasury has summed up the financial irregularities of the previous Jairam government in a 48-page white paper. Till now, the Congress white paper is questioning the Jairam government about the figures of taking loans, arranging wasteful expenditure and renouncing the responsibility of payment. Going forward, it will also have to be told how the present government will come out of the current quagmire of the financial system. However, the documents of the white paper show that the present Congress government has to repay a total of Rs 92774 crore towards the liabilities of the previous BJP government, while in this too a loan of Rs 76603 crore has been collected. In the last year of power, the previous government had fried tempting puddings with a loan of Rs 16621 crore, then who will pay the compensation for it? The surprising thing is that all those demand letters are colored with this loan, which makes the expectations of the employees realize that tomorrow or not, the government will sweep the government treasury for its mission repeat steps. There are also allegations on the double engine of the former government which came under investigation by Mukesh Agrihotri's committee. Due to the dissolution of the Planning Commission, a loss of three thousand crore rupees to a hilly state like Himachal and continuous reduction in the revenue deficit grant, the Finance Commission's indifference towards the hilly state has increased. Revenue deficit grant has reduced from Rs 11431 crore to only Rs 3257 crore. The white paper also points to the void left by the end of GST compensation. Deputy Chief Minister Mukesh Agrihotri termed the Centre's announcements as trivial and asked why Rs 1,000 crore for Mandi Airport, Rs 400 crore for Kangra Airport and Rs 20 crore for Jwalamukhi Mandir development did not come. Under the influence of the crooked questions of the Sukhu government, Rs. 67 crores were spent on organizing the investor meet, Janmanch event and Amrit Mahotsav celebrations of the previous government. The atmosphere of complacency for the political prosperity of the last year of power makes every government spend more or less wastefully, but here the objections raised on the opening of a total of nine hundred new institutions and offices along with the denotified institutions, are now being advocated loudly. Obviously, at such a sharp turn in the House, BJP's day was over and the opposition ignored the government's white paper in ransom of boycott. In Himachal, which is struggling with economic poverty and financial constraints, there have been stories of political extravagance in every era. If today thirteen board corporations, despite being useless, are stealing goods from the government treasury, then it is the sin of the years. Be it BJP or Congress, as soon as they came to power, they have been running the state with the help of ghee and sugar. Not only unnecessary offices, schools, colleges and medical institutions, but also the number of government employees in proportion to the population, there are more appointments in Himachal than the national figures. Now any government has started giving maximum patronage to politics by making appointments on lucrative positions of power. It would be better if, along with measures to reduce the size and expenditure of the government in Himachal, solutions to stop wasteful expenditure should also be brought forward. Undoubtedly the white paper has commented on the economic situation of the state. Now to come out of this, political will and drastic steps are needed. Even the Central Government cannot ignore the pain of the mountain by wearing a political mask, but this is starting to happen.

# Women Reservation Bill: Historic step to pass in Parliament

Finally after 27 years the Women's Reservation Bill was passed in the Parliament. The unity in favor of the bill was such that not a single vote was cast against the bill in the Rajya Sabha and the bill was passed with an overwhelming majority in the Lok Sabha also. The opposition party Congress has been in favor of this bill since the beginning and except one or two points, all the parties have supported it. Objections to the bill are limited only to the time frame of its implementation. Despite the bill becoming law, this law will not be implemented in the 2024 Lok Sabha elections. Nevertheless, the initiative is historic, aiming to increase women's participation in politics. Women Reservation Bill Actually, democracy is a political system based on the principle of equality, where everyone is given equal opportunities. In our country, since the medieval period, women have been living a life of social and economic misery, leave alone participation in politics or governance. There is no doubt that democracy in India is neither a failure nor completely successful, but is continuously moving forward by removing the shortcomings. Women's participation in the democratic system will bring change in the society and women's self-respect will increase. Now there is a need that political parties should follow the principles of fairness and truth and give opportunities to qualified and capable women, even if those women belong to the poor class. The current situation is that politics is largely limited to big families. Only rich people try their luck in politics, but it is also true that some leaders have also emerged from ordinary homes. At present, Prime Minister Narendra Modi and President Draupadi Murmu, who hold important positions in the country, do not come from any rich family. Similarly, many Chief Ministers also belong to ordinary families, yet politics remains largely the domain of wealthy families. Women Reservation Bill: Talent is being given importance in politics, but its examples are less. If there is an effort to provide equality to women by giving reservation, then the parties should respect the principle of equality and bring forward capable women. Equality means appreciating merit only. To accomplish this, it is also necessary that the woman Sarpanch leaves her husband's culture and uses her abilities to become an MLA or MP.In our country, since the medieval period, women have been living a life of social and economic misery, leave alone participation in politics or governance. There is no doubt that democracy in India is neither a failure nor completely successful, but is continuously moving forward by removing the shortcomings. Women's participation in the democratic system will bring change in the society and women's self-respect will increase. Now there is a need that political parties should follow the principles of fairness and truth and give opportunities to qualified and capable women, even if those women belong to the poor class. The current situation is that politics is largely limited to big families. Only rich people try their luck in politics, but it is also true that some leaders have also emerged from ordinary homes.

## चंद्रयान-3 की थीम पर बनाए गए गणेश पंडाल, शहरभर में ढोल नगाड़े की गूंज, जमकर उड़ा अबीर-गुलाल




मुरादाबाद-शहर में विभिन्न जगहों पर गणेश उत्सव की धूम रही। सुबह से शाम तक गजानन की पूजा-अर्चन की गई। गणेश चतुर्थी पर विधि विधान से स्थापित किए गणेश पंडाल में इस बार चंद्रयान 3 का मॉडल भी प्रदर्शित किया गया। गणेश चतुर्थी पर विधि विधान से स्थापित किए गए गणपति बप्पा की प्रतिमाओं का विसर्जन ढोल-नगाड़ों की धुन पर किया गया। शहर की लगभग सभी कॉलोनियों से विसर्जन यात्राएं निकलीं। डीजे पर बजते सुरीले भजनों पर श्रद्धालुओं ने खूब नृत्य किया। रंग-गुलाल से सभी श्रद्धालु सराबोर नजर आए। इस बार शहर में कई जगहों पर चंद्रयान-3 की थीम पर गणेश पंडाल बनाए गए थे। इन पंडालों में चंद्रयान का मॉडल प्रदर्शित किया गया था। रामगंगा नदी पहुंचकर श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा अर्चना कर भगवान श्री गणेश महाराज की मूर्ति का विसर्जन किया। श्रद्धालुओं द्वारा लगाए गए गणपति बप्पा के जयकारों से नगर का वातावरण गूंज उठा। नवीन नगर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में भी गणपति महोत्सव की काफी धूम रही। श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में बप्पा की पूजन आरती और कीर्तन किया। शनिवार को सुबह पूजन और हवन के बाद नाचते गाते हुए बप्पा की प्रतिमा को विसर्जित किया और अगले बरस वापस आने की प्रार्थना की। इस दौरान सूरज सक्सेना, निखिल, अनमोल, संजय, मंजू सक्सेना, नमिता, सीमा, नीलू, आदि लोग मौजूद रहे। गहोई वैश्य सभा की ओर से सुबह गणेश भगवान का श्रृंगार पूजा पंडित ग्रीस कुमार ने की। मुख्य यजमान रामेश्वर प्रसाद गुप्ता, हरिओम गुप्ता रहे। सभी सदस्यों ने हवन किया और फिर भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इसके बाद विसर्जन यात्रा निकाली गई। श्री सर्राफा कमेटी मंडी चौक द्वारा भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इसके बाद विसर्जन यात्रा का स्वागत फूल बारिश कर किया गया। इस दौरान संदीप सिंघल, अमित गुप्ता, रघुवीर प्रसाद, नवीन रस्तोगी, प्रदीप अग्रवाल, नितिन अग्रवाल आदि मौजूद रहे। श्री सराफा कमेटी बाजार गंज की ओर से भी विसर्जन यात्रा निकाली गई। रंग-गुलाल से पूरा वातावरण रंगीन हो गया। भगवान गणेश के जयकारे गूंजने लगे। कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। इस दौरान सचिन अग्रवाल आदि मौजूद रहे। गुड़िया मोहल्ला से कश्यप सभा द्वारा विसर्जन यात्रा निकाली। श्रद्धालु ट्रॉली में भगवान गणेश की प्रतिमा को रखकर निकले। पीछे डीजे पर बजते भजनों पर सभी श्रद्धालु खूब झूमे। महिलाओं और बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। वहीं कुछ श्रद्धालु स्कूटी और बाइकों से भी गणेश प्रतिमाओं को लेकर विसर्जन के लिए गए। आदर्श कालोनी से गणेश विसर्जन शोभायात्रा को गुब्बारों से सजाया गया था।

### रामगंगा नदी पर रहा मेले जैसा माहौल

सभी कॉलोनियों से श्रद्धालु सीएल गुप्ता नेत्र संस्थान के पास रामगंगा नदी पर गणेश प्रतिमाओं को विसर्जन करने के लिए पहुंचे। इससे नदी के किनारे मेले जैसा माहौल बन गया। श्रद्धालु प्रतिमाओं को सिर पर रखकर नदी किनारे पहुंचे। वहां पर गणपति बप्पा का विधि विधान से पूजन किया गया। उनकी आरती उतारी गई। भगवान गणेश से सुख-सौहार्द की प्रार्थना की गई।

## जिले में लगातार बढ़ रहे डेंगू के रोगी, जांच के नाम पर लूट...इलाज के इंतजाम नहीं

मुरादाबाद- जिले में 19 नये डेंगू संक्रमित मरीज मिले। इसे लेकर संख्या 347 पहुंच गई है। डेंगू नियंत्रण के कोई उपाय कारगर न होने से महानगर के अलावा देहात में रोगी बढ़ रहे हैं। स्वास्थ्य शिविरों में जांच में बुखार के मरीजों ने भी चिंता बढ़ाई है। महानगर के पॉश कॉलोनियों में सफाई के दावे को धता बताकर एडीज मच्छर के लार्वा पनप रहे हैं। जिससे लोग डेंगू संक्रमित हो रहे हैं। नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग की शिथिलता का खामियाजा नागरिक बीमार होकर भुगत रहे हैं। सरकारी और निजी अस्पतालों में इलाज के नाम पर मरीजों का शोषण हो रहा है। उन्हें कहीं बेड नहीं मिल रहा तो कहीं जांच के नाम पर लूट मची है। सरकारी अस्पताल में मरीजों की संख्या के आगे बेड कम पड़ रहे हैं। जिसका फायदा झोलाछाप और निजी अस्पताल के संचालक उठाकर मरीजों और तीमारदारों की जेब ढीली कर रहे हैं। जिला अस्पताल में बुखार व डेंगू मरीजों की संख्या अधिक देखकर 32 बेड का नया वार्ड बना। लेकिन इसमें भी बेड कम पड़ने से अब सीएचसी पर 10-10 बेड का डेंगू वार्ड बना। लेकिन चिकित्सकों की गंभीरता न होने से देहात के मरीज झोलाछाप के पास पहुंचकर जान बचाने को मजबूर हैं। यह अलग बात है कि उनके इलाज से कई मरीजों की जान पर बन रही है। शनिवार को डिलारी के सोनकपुर, कांठ में शाहपुर मुबारकपुर, ठाकुरद्वारा के भायपुर, कंडेसरा, मूंढापांडे के दलपतपुर व खैरखाता, भोजपुर के जाहिदपुर और महानगर के हरथला, गुलाबबाड़ी सहित अन्य कॉलोनियों में स्वास्थ्य शिविर में




952 मरीज की जांच हुई। इसमें 3 मरीज एनएस-1 संक्रमित पाए गए। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. प्रवीन श्रीवास्तव ने बताया कि संक्रमितों की जानकारी संबंधित क्षेत्र के चिकित्सालय के चिकित्साधिकारी को देकर इलाज की निगरानी करने के लिए कहा गया है।

### जांच में 20 लोगों में मिले वायरल बुखार के लक्षण

अगवानपुर। नगर के मोहल्ला सराय फारूख में शनिवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शिविर लगाया। इसमें 55 लोगों की सेहत की जांच की गई। इनमें से 20 लोगों में वायरल बुखार के लक्षण मिले हैं। चिकित्सकों ने उन्हें दवा देकर स्वास्थ्य के प्रति सहज रहने को कहा है। चिकित्साधिकारी डॉ. सहाबुद्दीन ने बताया कि पिछले दिनों बारिश के चलते वायरल बुखार के मरीजों की संख्या अधिक थी। लेकिन अब लोगों में बुखार, डेंगू-मेरेलिया के लक्षण कम हुए हैं। उधर, नगर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर लगाकर अब तक 2000 से ज्यादा लोगों की जांच की जा चुकी हैं। इनमें डेंगू संक्रमित 7 लोग मिले हैं। हालांकि डेंगू से आशंकित व वायरल बुखार से कई लोगों की जान जा चुकी है।

## गणपति बप्पा की प्रतिमा का रामगंगा में हुआ विसर्जन



क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा। नगर के मोहल्ला साहूकारा स्थित चौक मंदिर में पांच दिनों से विराजमान विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश जी की पांच दिनों से हो रही विधिवत पूजा-अर्चना के साथ ही रविवार को रंग -गुलाल ढ़ोल - नगाड़ों पर थिरकते हुए पुजारी बाबा मंगलदास, महन्त द्वारिकाप्रसाद, विजय साहू, एडवोकेट भगवतसरन साहू, दीपचंद साहू, अनिल प्रजापति, रामपाल, गौरव साहू, सौरभ साहू, छत्रपाल यादव, शेर सिंह यादव, छेदालाल भास्कर सहित सैकड़ों भक्तों ने गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ के जय घोष के साथ नगर से विदा किया। इस मौके पर भारी संख्या में नर-नारी मौजूद रहे।

## सेना में भर्ती के नाम पर पांच लाख की ठगी, रुपये मांगने पर धमकी, लेफ्टिनेंट कर्नल समेत तीन पर केस

मुरादाबाद-सोनकपुर निवासी कुंवरपाल सिंह ने बताया कि जनवरी 2022 में नगालैंड में आर्मी फिजिकल टेस्ट के दौरान एक व्यक्ति ने खुद को बड़ा असफर बताकर उससे ठगी कर ली। जब उससे पैसे वापस मांगे तो वह धमकी देने लगा। एसपी देहात संदीप कुमार मीना ने बताया कि जांच की जा रही है। सोनकपुर थाना क्षेत्र में रहने वाले युवक ने लेफ्टिनेंट कर्नल समेत तीन लोगों पर धोखाधड़ी और जान से मारने की धमकी देने में केस दर्ज कराया है। पीड़ित का आरोप है कि उसे सेना में भर्ती कराने के नाम पर पांच लाख 80 हजार रुपये ठग लिए। नौकरी नहीं लगने पर पीड़ित ने अपनी रकम वापस मांगी तो उसे जान से मारने की धमकी दी।सोनकपुर के जिगनिया निवासी कुंवरपाल सिंह ने बताया कि जनवरी 2022 में नगालैंड में आर्मी फिजिकल टेस्ट के दौरान एक युवक ने सुरेंद्र सिंह को लेफ्टिनेंट कर्नल बताकर फोन नंबर दिया था। उसने बताया था कि सुरेंद्र सिंह सेना में एओसी रेजिमेंट कोलकाता में कार्यरत हैं। आरोपी ने सेना में भर्ती कराने के नाम पर आठ लाख रुपये तय कर किए। आरोपी ने 40 लाख नकदी और पांच लाख 40 हजार रुपये सुरेंद्र द्वारा बताए गए व्यक्ति उपेंद्र उर्फ नरेंद्र के खाते में डलवाए। इसके बाद उसे फर्जी ज्वाइन लेटर दे दिया। नौकरी नहीं लगने पर पीड़ित ने अपने रुपये वापस मांगे तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी दी। एसपी देहात संदीप कुमार मीना ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया गया है।

## लूट के रुपयों से फम्मा ने खेला जुआ और नई बाइक भी खरीदी



मुरादाबाद- स्टेनो से लूट की घटना को अंजाम देने के बाद तीनों अभियुक्तों ने सप्ताह भर खूब मौज मस्ती की। लूटे गए रुपयों में से फरमान उर्फ फम्मा ने अकेले 1.53 लाख रुपये खर्च कर डाले। इसमें उसने 50,000 रुपये की बाइक खरीद ली और शेष रुपये से शौक पूरे किए, जुआ भी खेला। फरमान ने अपने दोनों साथी साहिल व मुदस्सिर को केवल 50-50000 रुपये ही दिए थे। इस तरह लूटी रकम 4 लाख 2500 रुपये में से पुलिस केवल 1,49,500 रुपये बरामद कर पाई। शेष 2.53 लाख रुपये इन अभियुक्तों ने खर्च कर डाले हैं। कांठ थानाध्यक्ष योगेंद्र कुमार ने बताया कि पूछताछ में अभियुक्त फरमान उर्फ फम्मा ने बताया है कि लूट की घटना के दिन वह मुद्दसिर फारुकी व साहिल नहर की पुलिया पर बैठे थे। लूट करने की योजना में थे, तभी उमरी की तरफ से स्कूटी सवार आता दिखा। उन लोगों ने उसे रोकना चाहा, लेकिन वह कुछ भांप गया तो उसने स्कूटी भगा ली। इन लोगों ने अपनी बाइक से उसका पीछा कर उसे तमंचा दिखाकर जान से मार देने को कह दिया। जिस पर स्कूटी सवार भयभीत हो गया और उसने स्कूटी रोक दी थी। स्कूटी सवार लोकेंद्र कुमार से तीनों अभियुक्त ने कुल 4,02,500 रुपये छीन लिए और उसके पर्स में रखे एटीएम कार्ड व अन्य सामान भी छीन लिया। नई कार की कराई थी बुकिंग, तीन लाख में बेची थी पुरानी कार- कांठ थाना क्षेत्र के काजीपुरा खालसा के रहने वाले लोकेंद्र कुमार अमरोहा जिले में राज्य कर विभाग के डिप्टी कमिश्नर खंड-दो राजेश कुमार मौर्य के स्टेनो हैं। उनके पिता जगदीश सिंह खेती-किसानी करते हैं। उन्होंने अपनी पुरानी कार तीन लाख रुपये में बेची थी। करीब 50 हजार रुपये दोस्त से लिए थे। नई कार की बुकिंग करा दी थी। ये नई कार उन्हें रविवार को ही मिलने वाली थी।लोकेंद्र ने बताया कि 16 सितंबर की शाम घटना के दिन भी वह अपने कार्यालय से घर लौट रहे थे। उनके गांव से अमरोहा करीब 25-30 किमी दूर है। बसों के आवागमन में दिक्कत रहती है तो वह स्कूटी से ही कार्यालय आते-जाते हैं। उन्होंने बताया कि उनके साथ लूट की घटना उमरी कलां में नहर की पुलिया के पास ही हुई थी। तब से वह सहमे भी हैं। बताया, घटना के दूसरे दिन 17 सितंबर को उन्होंने कांठ थाने में तीन लोगों के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज कराई थी। इसमें मुदस्सिर फारुकी, फरमान उर्फ फम्मा और साहिल नामजद है। ये तीनों लुटेरे एक ही बाइक से थे। तीनों ने उसकी पैंट की पीछे की जेब में रखे पर्स से सौ-सौ के नोट कुल 2500 रुपये और दो एटीएम निकाल लिए। स्कूटी की तलाशी में निकले चार लाख रुपये भी लूट लिए और मोबाइल भी तोड़ डाला था।

## एकलव्य क्रीड़ा कोष से पांच लाख का बीमा, खिलाड़ी अनजान

मुरादाबाद-स्पोर्ट्स स्टेडियम में मिलने वाली सुविधाओं का अधिकारी नहीं करते प्रचार-प्रसार नई खेल नीति के तहत खेल के दौरान चोटिल होने वाले खिलाड़ियों को पांच लाख रुपये के बीमा का लाभ मिलता है। लेकिन, नेता जी सुभाषचंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम में अभ्यास कर रहे खिलाड़ियों को इस योजना के बारे में जानकारी तक नहीं है। क्योंकि स्टेडियम के अधिकारियों द्वारा शासकीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार ही नहीं किया जाता। नई खेल नीति 2023 के अंतर्गत एकलव्य क्रीड़ा कोष के तहत राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय खिलाड़ियों के लिए पांच लाख रुपये के बीमा की सुविधा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा की गई। इसमें स्टेडियम में अभ्यास के दौरान या फिर किसी प्रतियोगिता के दौरान चोटिल होने पर खिलाड़ियों को पांच लाख रुपये तक के स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिलेगा। यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर खिलाड़ियों के लिए वरदान है। लेकिन, महानगर के खिलाड़ियों को इस योजना के बारे में जानकारी तक नहीं है। स्टेडियम में अभ्यास कर रहे अधिकांश खिलाड़ी इस योजना से वंचित हैं। अभ्यास करने वाले खिलाड़ियों ने नाम न छापने का शर्त पर बताया कि स्टेडियम की ओर से इस तरह की किसी योजना का प्रचार-प्रसार नहीं किया जाता है। यही योजना नहीं अधिकारी किसी भी योजना के लाभ को खिलाड़ियों के साथ साझा नहीं करते हैं। इससे खिलाड़ियों को काफी नुकसान उठाना पड़ता है। स्टेडियम से पहले तो खिलाड़ियों को अभ्यास करने वाली सुविधाओं में ही अभाव देखने को मिल रहा था। अब खिलाड़ियों को सरकार की ओर से मिलने वाली सुविधाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। क्योंकि स्टेडियम की ओर से सरकार द्वारा चलाई जा रही किसी भी योजना का खिलाड़ियों के बीच प्रचार-प्रसार नहीं किया जाता है। एकलव्य क्रीड़ा कोष के तहत मंडल के जो भी खिलाड़ी अपना बीमा कराने आते हैं। उनके बीमा की प्रक्रिया को आगे बढ़ा दिया जाता है। अभी तक आठ खिलाड़ियों का योजना के अंतर्गत बीमा कराया गया है। स्टेडियम की ओर से इसका प्रचार-प्रसार कराया जाएगा। - **प्रेम कुमार, जिला क्रीड़ा अधिकारी**

## स्वदेशी गो-संवर्धन योजना : आय वृद्धि व लोगों के आत्मनिर्भर बनने का जरिया होगी गाय

मुरादाबाद-दुग्ध उत्पादन में प्रदेश बनेगा अग्रणी, योजना के अंतर्गत कम से कम देसी नस्ल की दो गाय खरीदनी जरूरी राज्य सरकार ने प्रदेश को दुग्ध उत्पादन में अग्रणी बनाने और महिलाओं व युवाओं को रोजगार मुहैया कराने के लिए स्वदेशी गो संवर्धन योजना शुरू की है। इसका लाभ जिले के पशुपालक ले सकते हैं। इसके लिए उन्हें विभिन्न देसी नस्ल की कम से कम दो गाय खरीदनी होंगी। पंजाब की साहीवाल, थारपारकर और संकर प्रजाति की गाय खरीदने वालों को अनुदान राशि मिलेगी। इसके अलावा इस योजना के तहत स्वदेशी गाय की खरीद पर होने वाले ट्रांसपोर्टेशन और बीमा का खर्च सरकार उठाएगी। इससे गोपालकों की आय में वृद्धि होगी और वे आत्मनिर्भर बनेंगे। प्रदेश में गोपालकों की आय बढ़ाने, उन्हें आत्मनिर्भर बनाने और स्वदेशी नस्ल की गायों के प्रति उनका रुझान बढ़ाने के लिए सरकार ने नंद बाबा दुग्ध मिशन के तहत मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ संवर्धन योजना शुरू की है। इस योजना के तहत लाभार्थी को लगभग 80,000 रुपये की अनुदान राशि अधिकतम दो स्वदेशी नस्ल की गाय की खरीद पर प्रदान की जाएगी। राज्य सरकार की ओर से किसानों को विभिन्न नस्ल की स्वदेशी गायों जैसे पंजाब से साहिवाल, राजस्थान से थारपारकर और गुजरात की गीर गाय आदि खरीदने पर सब्सिडी का लाभ मिलेगा। इसके अलावा किसानों को कई सुविधाएं मिलेंगी।ताकि स्वदेशी नस्ल की गायों के प्रति लोगों को प्रोत्साहित किया जा सके। उधर, ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं और महिलाओं को पशुपालन के व्यवसाय के लिए



प्रोत्साहित करते हुए उन्हे रोजगार मिलेगा। योजना का लाभ उठाने के लिए गो पालक को दूसरे प्रदेश से स्वदेशी उन्नत नस्ल की गाय खरीदना अनिवार्य है। इसके लिए जिला स्तर पर मुख्य विकास अधिकारी की ओर से लाभार्थी को दूसरे प्रदेश से स्वदेशी नस्ल की गाय खरीदने के लिए एक अनुमति पत्र जारी किया जाएगा ताकि उसे गायों के परिवहन में किसी प्रकार की समस्या न हो। वहीं इन गायों का 3 वर्षों का पशु बीमा एकमुश्त कराया जाना आवश्यक है। इसके साथ ही उन्हे दूसरे प्रदेश से अपने प्रदेश में लाने के लिए ट्रांजिट बीमा भी कराना अनिवार्य है।

### महिलाओं को योजना में मिलेगी वरीयता

मुरादाबाद। योजना के तहत लाभार्थी को सब्सिडी गाय की खरीद, उसके परिवहन, पशु ट्रांजिट बीमा, 3 वर्षों का पशु बीमा, चारा काटने की मशीन की खरीद एवं गायों के रखरखाव के लिए शेड के निर्माण पर दिया जाएगा। विभाग की ओर से इन सभी मदों में गौ पालक का खर्च दो स्वदेशी नस्ल की गायों के लिए दो लाख रुपये माना गया है, जिसका 40 प्रतिशत या अधिकतम 80 हजार रुपये सब्सिडी के रूप में दिए जाएंगे। इस योजना का लाभ उठाने के लिए लाभार्थी के पास गो पालन के लिए पर्याप्त जगह होनी चाहिए। पहले से दो से अधिक स्वदेशी उन्नत नस्ल की गाय न हों। वहीं इस योजना के तहत 50 प्रतिशत महिला दुग्ध उत्पादकों एवं पशुपालकों को तरजीह दी जाएगी जबकि 50 प्रतिशत में अन्य वर्ग के लाभार्थी शामिल हैं।

### अधिक दुग्ध उत्पादन पर मिलेगी प्रोत्साहन राशि

मुरादाबाद। प्रगतिशील पशुपालन प्रोत्साहन योजना के तहत पशुपालकों को दूसरे राज्यों से लाई जाने वाली विदेशी नस्ल की स्वदेशी गाय के दूध के हिसाब से प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। जैसे साहीवाल, गीर, थारपारकर गाय जो 8 से 12 लीटर दूध देगी, उसको पालने वाले किसान को 10 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। हरियाणा की गाय जो 6 से 10 लीटर दूध देगी, उसके पालक को 10 हजार रुपये व 10 लीटर से अधिक दूध देने पर 15 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि मिलेगी। गंगातीरी प्रजाति जो 6 से 8 लीटर दूध देगी उसके पालन पर प्रदेश सरकार 10 हजार रुपये व 8 लीटर से अधिक दूध देने पर 15 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि लाभार्थी को दी जाएगी। नंद बाबा मिशन के तहत स्वदेशी गौ संवर्धन योजना शुरू हुई है। दुग्ध उत्पादन बढ़ाने को सरकार ने दूसरे राज्य जैसे- पंजाब से साहिवाल, राजस्थान से थारपारकर गुजरात से गीर देसी नस्ल की गायों को खरीदने पर जोर दिया। पशुपालकों को विभिन्न मदों के लिए ट्रांसपोर्टेशन से संबंधित कुल व्यय का 40 फीसदी यानी अधिकतम 40 हजार रुपये प्रति गाय के लिए अनुदान दिया जाएगा। -पंकज सिंह, उप दुग्धशाला विकास अधिकारी

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

## जिस युवान के पास उद्यम साहस शील धैर्य शक्ति और पराक्रम है वह सच्चा युवा है :- आचार्य रामानुज जी

क्यूँ न लिखूँ सच
शैलेन्द्र राठौर



झाबुआ/पारा – श्री सार्वजनिक गणेश मण्डल बस स्टेन्ड व श्री रामायण मण्डल पारा द्वारा युवानी ओर अध्यात्म विषय पर प्रवचन व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमे प्रख्यात कथा व प्रवचन कार आचार्य रामानुज जी ने उपस्थित युवाओ व श्रद्धालु जन को सम्बोधित करते हुवे कहा की। जिस युवान के पास उद्यम साहस शील धैर्य शक्ति व पराक्रम आदी यह 6 जिसके पास है वह सच्चा युवान है । आचार्य श्री ने वर्तमान की सबसे अहं वस्तु सोशियल मिडिया पर बोलते हुवे कहा की कभी अपने आप से सवाल करे कि सोशियल मीडिया में कितने सोशियल ओर कितने एन्टी सोशियल है ? लगभग 11 वर्ष पूर्व आचार्य रामानुज जी रामानंदाचार्य जयंती के अवसर पर पंचदिवसीय सत्संग सत्र हेतु आये थे पुन: आज युवानो के आग्रह पर व्यवस्त समय मे से एक दिन का अल्प समय हेतु पधारे । उन्होंने कहा = रामायण के प्रसंग अनुसार सौ योजन समुद्र कोन लांघे इस विषय पर चर्चा हो रही थी , सुग्रीव ने कहा था कि बिना जानकी जी की सुध लिए किष्किंधा वापस मत आना नही तो मृत्यु निश्चित है , ऐसी स्थिति हर किसी को आती है , सब अपनी अपनी बात कहते है , पारा नगर के नाम पर अंगद की बात बताते हुए उन्होंने विनोद में एक चौपाई का उल्लेख करते हुवे कहा कि स्वयं अंगद ने कहा कि जाऊ में पारा ..... इसी प्रसंग को युवानो को संबोधित किया ,बुजुर्गों के पास शक्ति बहाल ही कम हो किंतु अनुभव बहुत ज्यादा होता है । जैसे गुरु शिष्य का सम्बोधन करते है वैसे ही लिहाजे जाम्बवान जी हनुमान जी को जागृत करते हुए प्रत्येक युवान को जागृत किया। किष्किंधा कांड का प्रसंग कहता है कि ऐसा कोनसा कार्य है जो युवान नही कर सकते है , बस केवल योग्य मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है । युवानी जो चाहे वो कर सकते है बस संग अच्छा होना चाहिए । आजकल दो पीढ़ियों के बीच सामंजस्य नही बेठ पाता है उन कारणों को खोजने कि जरूरत है आपकी अकर्मण्यता वाली युवानी से आपके बुजुर्गों की परेशानी है । युवाओ के पास जिन 6 चीजो की जरूरत होनी चाहिये उन को विस्तार से आचार्य श्री ने से समझाते हुवे कहा 1 उद्यम= ( मेहनती ) होना युवानी का पहला लक्षण हैआलस्य को छोड़कर लक्ष्य प्राप्ति हेतु मेहनत करे वह युवान युवान है । पान की दुकानों और इधर उधर की बात में व्यर्थ समय बर्बाद करने वाले युवान युवानी पर कलंक है । अपनी जिम्मेवारी मेभी जब लोग भगवान को बीच मे लाते तो पीड़ा होती है ।2 – साहस = घरवालों से झूठ बोलकर नशा करने चले जाना साहस नही होता , यह दुस्साहस होता है । ज्यादातर युवान साहस के नाम पर दुससाहस की ओर बढ़ रहे है ,कमाए बिना नशे में पैसे उड़ाना साहस नही समय की बर्बादी एव दुस्साहस है । एक बार सत्संग में बैठकर हुए निर्णय को क्रिया में लाना साहस है ।जब कोइ युवान साहस करता है तो विधि का लेख भी बदल सकता है बस साहस यथार्थ की धरातल पर होना चाहिए ।3 . धैर्य = सतत सफलता की ललक में लगे रहना धैर्य है ।धैर्य और आलस में फर्क होता है । समय परजागने वाला विजय होता है ।4 शील = आप जो बनना चाहते है पूरे बनिये ढ़ी अधूरे नही , चाहे व्यापार, राजनीति, या कोईभी क्षेत्र हो , मौसम के जैसे लक्ष्य मत बदलो ।5 शक्ति = युवान वह होता है जिसकी आवाज में , भुजाओं में ताकत हो ,हर छोटी मोटी बात पर रास्ता बदलने वाला युवा नही होता ,6 पराक्रम = युवानी में पराक्रम होना चाहिए जैसे हनुमान जी मे था। इन सूत्रों के द्वारा आचार्य जी मे विस्तार पूर्वक युवाओं को प्रेरणा से परिपूर्ण आयोजन का समापन हुआ , आयोजन में पिपलखूँटा के श्रीमहंत पूज्यपाद दयाराम दास जी महाराज व फतिपुरा के संत गरुड दास जी महाराज की भी आशीर्वादात्मक उपस्थिति रही ।इससे पुर्व आचार्य श्री ने मण्डल द्वारा स्थापित भगवान गणेश जी प्रतिमा की आरती की व मण्डल के सदस्यो ने आचार्य श्री व उपस्थित सन्तो का शाल श्री फल व पुष्प माला से स्वागत किया । इस अवसर पर बड़ी संख्या मे श्रद्धालु गण उपस्थित थे ।

## डिजिटल भुगतानों पर लेनदेन शुल्क में छूट दे सरकार, डिजिटल पेमेंट प्रमोशन बोर्ड गठित करें कैट की मांग

क्यूँ न लिखूँ सच
पुष्पेंद्र तिवारी



जबलपुर-प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल पेमेंट को ज़्यादा से ज़्यादा करने के आह्वान तथा जी 20 द्वारा एमएसएमई सेक्टर को डिजिटल अर्थव्यवस्था से जोड़ने के निर्णय को अमली जामा पहनाने की दृष्टि से कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ( कैट) ने आज केंद्रीय आई टी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव तथा वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीथारमन से पुरज़ोर आग्रह किया है कि भारत को कम नकदी वाली अर्थव्यवस्था बनाने तथा व्यापार द्वारा बड़े पैमाने पर लोगों द्वारा डिजिटल भुगतान को तेजी से अपनाने के लिए केंद्र सरकार को तुरंत एक डिजिटल पेमेंट प्रमोशन बोर्ड गठित करना चाहिए । डिजिटल भुगतान पर लेनदेन शुल्क को सरकार द्वारा सीधे बैंकों को सब्सिडी दी जाये जिससे व्यापारियों और उपभोक्ताओं पर बैंक चार्ज का आर्थिक भार न पड़े। कॉन्फ़ेडरेशन ऑफ़ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री श्री प्रवीन खंडेलवाल ने यह कहते हुए सरकार से यह भी आग्रह किया की नेशनल पेमेंट कॉउंसिल ऑफ़ इंडिया (एनपीसीआई) को यूपीआई, भीम आदि को ही चलाना चाहिए और पेमेंट इंडस्ट्री को मॉनिटर तथा रेगुलेट करने के लिए पृथक रूप से एक रेगुलेटरी अथॉरिटी बनाई जाए ! कैट प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र जैन ने कहा कि जब सरकार द्वारा नीति के रूप में अनेक क्षेत्रों में खुला नेटवर्क बनाया जा रहा है तो पेमेंट इंडस्ट्री को भी खुला नेटवर्क दिया जाना चाहिए ताकि उपयोगकर्ताओं को सर्वोत्तम सेवाएं मिल सके ! कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री बी सी भरतिया ने कहा कि देश में डिजिटल भुगतान को अपनाने और स्वीकार करने में लेन-देन शुल्क का वित्तीय बोझ डिजिटल पेमेंट को अपनाने में एक बहुत बड़ी बाधा है इस दृष्टि से सरकार ट्रांसक्शन शुल्क को सब्सिडी के माध्यम से सीधे बैंकों को दे दे तो देश में डिजिटल पेमेंट अप्रत्याशित रूप से बढ़ेगा ! कैट के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष संदेश जैन ने बताया यह अनौपचारिक अर्थव्यवस्था को औपचारिक अर्थव्यवस्था में परिवर्तित करने में बड़ा सहायक होगा । जिससे सरकार को आय कर एवं अन्य करों में भी बड़ी वृद्धि होगी ! कैट प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र पचोरी ने कहा कि एक महीने में तीन बार से अधिक एटीएम के उपयोग से अधिक इस्तेमाल करने पर एटीएम से नकद राशि निकालने पर एक सामान्य शुल्क लगाया जा सकता है। क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड एवम डिजिटल द्वारा पैमेंट करने पर बैंको द्वारा लगाए जा रहे चार्ज को जल्द से जल्द सरकार को खत्म करना चाहिए कैट प्रदेश सचिव दीपक सेठी ने कहा कि सभी प्रकार के डेबिट और क्रेडिट कार्ड, पीओएस टर्मिनल, एम-पी ओ एस, मोबाइल वॉलेट, मोबाइल एप्लिकेशन, क्यूआर कोड, यूपीआई और आधार सक्षम एप्लिकेशन सहित डिजिटल भुगतान के अन्य सभी तरीकों को प्रोत्साहन योजनाओं के दायरे में लाया जाना चाहिए। कैट प्रदेश महिला विंग की कार्यकारिणी सदस्य सीमा सिंग चौहान का मानना है कि की गैर बैंकिंग वित्त कंपनियों और सूक्ष्म वित्त संस्थानों को भी शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से पीओएस टर्मिनलों को सब्सिडी देने की योजना को प्रोत्साहित करके व्हाइट लेबल पीओएस टर्मिनल स्थापित करने के लिए डिजिटल भुगतान के परिदृश्य में लाया जाना चाहिए ! कैट ने कहा कि सरकार ने अगस्त, 2015 में एक प्रोत्साहन प्रस्ताव का मसौदा तैयार किया है जिसमें कुछ कर लाभ और बैंकों द्वारा वसूले जाने वाले लेन-देन की लागत में छूट के प्रस्ताव शामिल थे ! उन्होंने सरकार से उक्त प्रस्तावों को लागू करने का आग्रह करते हुए कहा कि डिजिटल भुगतान के माध्यम से व्यापार लेनदेन में भुगतान स्वीकार करने वाले दुकानदारों को प्रोत्साहन प्रदान करने के प्रस्ताव से व्यापारियों को ई-भुगतान प्रणाली को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। कैट जिलाध्यक्ष रोहित खटवानी ने कहा की डिजिटल इंडिया के लिए अधिक से अधिक लोग को उत्साहित करने के लिए ऑन लाइन पेमेंट आदान-प्रदान करने पर बोनस एवम एक्स्ट्रा डिस्काउट जैसे ऑफर देते रहने चाइए न की किसी तरह के चार्जेस नही लगाना चाइए। जिस भी तरीके के चार्ज बैंक द्वारा काटे जाते हैं उसे अब जल्द से जल्द समाप्त कर देना चाहिए ताकि लोग अधिक से अधिक डिजिटल पेमेंट मोड पर आ सके। कैट जबलपुर जिला सचिव मनु शरत तिवारी ने कहा कि कैट पिछले काफी समय से इस तरीके के चार्जेस नही लगाए जाने की मांग करता आया है इस पर सरकार को जल्द से जल्द फ़ैसला लेना चाहिए।

## विवेकानंद कॉलेज ने फाइनल मैच जीतकर विवेक निरंजन जिला महिला वॉलीबॉल कप किया अपने नाम

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास



झाँसी। विवेक निरंजन खेल अकादमी के तत्वाधान में विवेक स्मृति महोत्सव के अन्तर्गत आज वॉलीबाल कोर्ट गुलाम गौश खां पार्क में हेमंत परिहार जिलाध्यक्ष भाजपा के मुख्य आतिथ्य एवं डॉ0 संदीप सरावगी समाजसेवी की अध्यक्षता में विवेक निरंजन जिला महिला वॉलीबॉल टूर्नामेंट की शुरुआत हुई। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में सदर विधायक रवि शर्मा, विशिष्ट अतिथि राजेंद्र अग्रवाल अध्यक्ष केमिस्ट एसोसिएशन, रामगोपाल निरंजन प्रबंधक विलेज बालिका महाविद्यालय, डॉ प्रताप सिंह एडी हेल्थ आदि रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि हेमंत परिहार ने कहा खेलों से बच्चों का मन और मस्तिष्क स्वस्थ रहता है हर व्यक्ति को खेलों से जुड़ना चाहिए। कार्यक्रम अध्यक्ष ने संदीप सरावगी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी खेलों को प्रोत्साहन दे रहे हैं। यदि व्यक्ति खाली समय में खेल खेले तो उसके स्वयं के शरीर को भी लाभ होगा। नगर और देश को भी लाभ होगा। सदर विधायक रवि शर्मा ने कहा कि झांसी के नवोदित खिलाड़ियों को हम कैसे स्थान दे पाए उसके लिए विवेक निरंजन खेल अकादमी बखूबी अपना प्रयास निभा रही है और छोटे-छोटे बच्चों को प्लेटफार्म उपलब्ध करा रही है। पहला मैच निर्मला ए और हरिकिशन के मध्य हुआ, जिसने निर्मला कान्वेंट ने 25-12, 25-12 से सीधे सेटों में मैच अपने नाम किया ।दूसरा मैच विवेक अकादमी और निर्मला कान्वेंट बी के मध्य हुआ जिसमें विवेक अकादमी ने 25-5, 25-2 से सीधे सेटों में मैच अपने नाम किया। तीसरा मैच विवेकानंद और विवेक निरंजन बी के मध्य हुआ, जिसमें विवेकानंद ने 25-9, 25-13 से सीधे सेटों में मैच अपने नाम किया। चौथा मैच आर्य कन्या और विवेकानंद के मध्य हुआ, जिसमें आर्य कन्या ने 20-25, 19-20 से मैच अपने नाम किया। पांचवा मैच विवेक अकादमी और निर्मला कान्वेंट ए के मध्य हुआ जिसमें विवेक अकादमी में 25-12 , 25-6 से मैच अपना नाम किया। टूर्नामेंट का पहला सेमीफाइनल निर्मला कान्वेंट विवेकानंद एकेडमी के मध्य हुआ जिसमें विवेकानंद ने 25-11, 25-14 से सीधे सेटों में मैच अपने नाम किया। दूसरा सेमी फाइनल विवेक अकादमी और आर्यकन्या के मध्य हुआ जिसमें आर्य कन्या ने 25-22, 25-20 से सीधे सैटों में मैच अपने नाम किया और शान से फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच आर्यकन्या और विवेकानंद के मध्य हुआ जिसमें विवेकानंद ने 25-13, 25-18 से सीधे सेटों आर्य कन्या को हराया और विवेक निरंजन महिला वॉलीबाल टूर्नामेंट अपने नाम किया। इस अवसर पर योगेश शर्मा, इमरान आदि लोग उपस्थित रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय बेटी दिवस पर प्राधिकरण के वॉलिंटियर्स ने किया महिलाओं को जागरूक

क्यूँ न लिखूँ सच
सत्यम शर्मा



बरेली – उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के आदेशानुसार तथा माननीय जनपद न्यायाधीश श्री विनोद कुमार के दिशा निर्देशन में बरेली जनपद में कार्यरत पैरा लीगल वॉलिंटियर्स द्वारा निरंतर समाज में विधिक जागरूकता फैलाने का कार्य किया जा रहा है, इसके संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बरेली के अपर जिला जज सचिव श्री निर्दोष कुमार के मार्गदर्शन में पैरा लीगल वॉलिंटियर्स द्वारा महिला हितों की सुरक्षा के लिए लगातार शहर के अलग-अलग स्थान पर शिविर के आयोजन कर महिलाओं और उनके परिवारों को जागरूक किया जा रहा है। अपर जिला जज सचिव श्री निर्दोष कुमार ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय बेटी दिवस के उपलक्ष में आमजन को देश की बेटियों पर गर्व करने के लिए और बेटा बेटी में फर्क को मिटाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बरेली द्वारा अलखनाथ मंदिर परिसर में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं और बेटियों को देश में आगे बढ़ाने के लिए और हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही महिलाओं के बारे में बताया गया। साथ ही सरकार द्वारा तथा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा चलाई जा रही महिला हितों की योजनाओं के बारे में पैरा लीगल वॉलिंटियर्स श्रीमती सपना द्विवेदी और शुभम राय द्वारा अवगत कराया गया। कार्यक्रम में पैरा लीगल वालंटियर श्रीमती सपना द्विवेदी और शुभम राय ने बताया कि भारत में बेटियों को देवी का दर्जा दिया जाता है। कहीं कोई पिता अपनी बेटी को आदिशक्ति का रूप मानता है तो कोई लक्ष्मी का रूप मानता है। हालांकि कुछ स्थानों पर इसके विपरीत देखा जाता रहा है कि घर में बेटी के पैदा होने पर लोगों में मातम पसर जाता है और कुछ लोग बेटी पैदा होने को अशुभ मानते हैं। लेकिन भारतीय परंपरा और भारतीय धर्म में बेटियों को हमेशा से ही देवियों का दर्जा दिया गया है। ऐसा इसलिए क्योंकि बेटियां संसार की जननी है। ऐसे में भारतीय परंपराओं में हमेशा से बेटियों को अव्वल दर्जे पर रखा गया है। लेकिन समय के साथ बेटियों से अधिकार छीने गए, फिर समय बदला और बेटियों को उनके अधिकार फिर मिलने लगे। आज राष्ट्रीय बेटी दिवस है। बेटियां किसी भी क्षेत्र में अपना काम बखूबी कर रही हैं। बेटियों के प्रति दुनियाभर में फैले नकारात्मकता के खिलाफ दुनियाभर के देश मिलकर बेटियों को समान अधिकार दिलाने के लिए इस खास दिन को मनाते हैं। बेटियों के हक और उनकी आवाज को उठाने के लिए इस खास दिन को मनाया जाता है। भारत में भी इस दिन का खास महत्व है। कार्यक्रम में पैरा लीगल वालंटियर शुभम राय द्वारा उपस्थित सभी महिलाओं को बाल विकास योजना, निशुल्क विधिक सहायता, निशुल्क विधिक अधिवक्ता तथा महिलाओं के लिए चल रही क्षतिपूर्ति योजना की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के तत्वाधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बरेली द्वारा महिलाओं के हितों की रक्षा के लिए लगातार शिविर के आयोजन किया जा रहे हैं जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बरेली के अपर जिला जज सचिव श्री निर्दोष कुमार के मार्गदर्शन में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और बाल विवाह को रोकने के लिए भी कई शिविर पैरा लीगल वॉलिंटियर्स द्वारा किये जा रहे हैं।

## सभी सनातनी एकजुट हो जाये तो विधर्मी कभी भी आपको विचलित नही कर सकता- महामन्त्री स्वामी हंसदास

क्यूँ न लिखूँ सच
प्रदीप कुमार तिवारी



रीवा शिव स्वरूप भगवान श्री श्रीचन्द्र जी सनातन धर्म की पताका लेकर जीवन के मूल मंत्र 卐चेतहु नगरी तारहु गांव, अलख पुरूष का सिमरहु नाम卐 लेकर नगर-नगर गांव-गांव भृमण कर समस्त सनातनी समाज को जागृत करते हुए कहा- अगर पूरा सनातन समाज आपसी मतभेद, ईर्ष्या द्वेष और वैर विरोध भुलाकर एकजुट होकर विधर्मियो का विरोध करे तो कोई भी विधर्मी कभी भी आपको विचलित नही कर सकता। सनातन धर्म कभी भी नही मिट सकता और न ही कोई भी मिटा सकता है। केवल आपको अपने धर्म मे प्रतिष्ठित रहकर दृढ़ता से डटे रहना है। तो धर्म सदैव आपकी रक्षा करेगा। उक्त विचार भगवान श्रीचन्द्र जी के 529वें अवतरण दिवस पर नगर के मध्य स्थित अमर शहीद वीर हेमू कालाणी चौक पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में अखिल भारतीय सिंन्धु सन्त समाज ट्रस्ट के राष्ट्रीय महामंत्री श्रद्धेय स्वामी हंसदास जी ने व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीचन्द्र जी के दिव्य स्वरूप के अभिषेक पूजन के साथ हुआ। सैकड़ो की संख्या में उपस्थित भक्त समुदाय ने आचार्यश्री की आरती की। तत्पश्चात पवित्र वाणी मात्रा शास्त्र का सामूहिक पाठ किया गया और विश्व मंगल भावना से प्रार्थना की गई। उसके पश्चात आयोजित विशाल भंडारे में सभी ने कृपा प्रसाद ग्रहण किया। अखिल भारतीय सिंन्धु सन्त समाज ट्रस्ट के प्रांतीय सलाहकार स्वामी सरूपदास जी ने आये हुए सभी श्रद्धालुओं को भगवानश्री का रोट प्रसाद वितरित किया। इस हर्षोत्सव मे समाज के सभी गणमान्य नागरिक, महिलाओं और युवा वर्ग सहित मुख्य रूप से सर्व श्री सरदार प्रह्लाद सिंह, हुकुमतराय होतवानी, सन्तूलाल आहूजा, सुदामा लाल सचदेव, लधाराम ठारवानी, गुरमुख दास मोटवानी, ज्ञानचंद मोटवानी, कमलेश सचदेव, राजकुमार टिलवानी, कन्हिया लाल मंगलानी, गिरधारी लाल गंगवानी, पप्पू मन्जानी, नरेश काली, श्रीचन्द्र कोटवानी, हरचाराम हिरवानी, विजय सचदेव, अशोक रोहड़ा, लेखराज मोटवानी, मनीष चांदवानी, मुकेश हिरवानी, विनोद पुरसवानी, मुकेश ठारवानी, सुनील चेलवानी, सुमित रामचंदानी, राम नारवानी,अनूप गेही, महेश हिरवानी, हरीश वाधवानी, गोपाल कृष्णानी, राहुल टहिल्यानी सहित विशाल भक्त समुदाय उपस्थित रहा।

## गिरोह के चार साथी सक्रिय सदस्य गिरफ्तार कब्जे से सोने के आभूषण नगदी सहित मोटरसाइकिल व सामान बरामद

क्यूँ न लिखूँ सच
मीरा कौशिक

गाजियाबाद-क्राइम ब्रांच पुलिस कमिश्ननेट गाजियाबाद द्वारा महिलाओं बुजुर्गों को अपनी बातों में फंसा कर सम्मोहित कर धोखाधड़ी कर उनके आभूषण नगदी ले जाने वाले गिरोह के चार साथी सक्रिय सदस्य गिरफ्तार कब्जे से सोने के आभूषण नगदी घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल व सामान बरामद क्राइम ब्रांच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा गाजियाबाद पूर्वी उत्तर प्रदेश मध्य प्रदेश झारखंड बिहार दिल्ली एनसीआर में महिलाओं एवं बुजुर्गों को अपनी बातों में फंसा कर सम्मोहित कर धोखाधड़ी से उनके आभूषण व नगदी ले जाने वाले ग्रहों का पर्दाफाश करते हुए गिरोह के चार शातिर सक्रिय सदस्यों को थाना इंदिरापुरम क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है

जिनके कब्जे से पुलिस कमिश्नरेट विजयनगर मोदीनगर नंदग्राम की घटनाओं से संबंधित सोने के आभूषण नगदी घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल वह अन्य सामान बरामद हुआ पूछताछ का विवरण- अभियुक्त गणों से पूछताछ पर अभियुक्त आबिद ने बताया कि मैं अनपढ़ हूं जाति से कलंदर हूं तथा शादी बारात में घोड़ी चलाने का कार्य करता हूं अभियुक्त सैफ अली ने बताया कि मैं जाति से फकीर हूं

वह 12वीं पास हूं नाग बेचने का काम करता हूं अभियुक्त खालिद हूं 12वीं पास हूं अभियुक्त ने पूछताछ कर बताया कि उनका एक संगठित गो है जिसमें इन लोगों के अलावा युसूफ उर्फ मोटा खुर्शीद आमिर उर्फ कल्लू बादशाह खान मेरठ के वह गुल भोज उत्तराखंड का शहजादा है हम लोग भोली वाली महिलाओं को बहला फुसला कर बुजुर्गों को या अकेले घूमते हैं जो मिलते हैंउनको अपनी बातों में उनकी ग्रह दशा खराब बताकर धोखे से उनके जेवर उतरवा कर या नगदी नाग देकर उनके बदले नकली जेवर दे देते हैं और वहां से भाग जाते हैं कभी-कभी गहन क्षेत्र खराब होने का बात कर ग्रह दशा सही करने के लिए तांबे के कटोरे में नाग रखकर एक लकड़ी से मूसली को उसके किनारे किनारे घूमते हैं और अपनी तकनीक से नग को कंपन करते हैं जिससे वह कटोरे में आवाज करने लगता है

हम लोग कह देते हैं के नाग आपके हिसाब से ठीक है आपकी सारी परेशानियां दूर हो जाएगी और उनको सम्मोहित कर कर उनके जेवरात उतरवा लेते हैं और वहां से भाग जाते हैं या तुरंत शहर छोड़ देते हैं जब हम यह काम कर रहे होते हैं

तो हमारा एक साथी आकर उन्हें को दुगनी चौकड़ी कीमत में खरीद लेता है ताकि सामने बैठा वाला बुजुर्ग इंसान महिला या कोई व्यक्ति हमारी बातों में आ सके और उसे पक्का यकीन हो जाए कि हम सच बोल रहे हैं मोटरसाइकिलों से टोलिया बनाकर निकलते हैं हम लोग ठगी का माल गूलरभोज उत्तराखंड के हमारे सरगना जलाउद्दीन असगरवा पार्टी राम को देते हैं और जो भी पैसा मिलता है आपस में बराबर बांट लेते हैं हम लोग यह काम काफी समय से कर रहे हैं अभियुक्त गाने काफी शातिर किस्म के अपराधी हैं जिनके द्वारा उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद कानपुर लखनऊ इलाहाबाद फतेहपुर मिर्जापुर बस्ती बिहार व झारखंड हरियाणा मध्य प्रदेश तथा दिल्ली एनसीआर वह आसपास के राज्यों से ठगी कर जेवर उतरवाने में कई वारदातों को अंजाम दे चुके हैं अभियुक्तों से मिली जानकारी में आधार पर गिरफ्तारी व बारामती हेतु टीम बनाकर कार्य की जा रही है

ताज़ा खबरों के लिए देखे
WWW.KNLSLIVE.COM

## दबंगों के हौसले बुलंद दबंग लोगो द्वारा झोपड़ी में लगाई गई आग

क्यूँ न लिखूँ सच
हारून बख्श

फर्रुखाबाद – दबंगों ने महिला के घर में पड़ी झोपड़ी में आग लगा दी। झोपड़ी में रखा गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया ।पीड़ित महिला ने दबंग के खिलाफ पुलिस को दी तहरीर जानकारी के अनुसार थाना मऊ दरवाजा क्षेत्र के गांव हैबतपुर गढ़िया निवासी रूबी यादव की आबादी की जगह में एक झोपड़ी डालकर रह कर गुजर बसर कर रही थी ।पर दबंगों की नजर उसकी जगह पर थी। जब आज अपना अल्ट्रासाउंड कराने के लिए फर्रुखाबाद तक गई थी अल्ट्रासाउंड करा कर घर वापस



आई तो उसने देखा कि उसकी झोपड़ी में दबंगों ने आग लगा दी जब उसने मना किया तो दबंगों ने महिला से मारपीट पर उतारू हो गए और गालियां देकर वहां से फरार हो गए महिला ने बताया की दबंग लोगो द्वारा झोपड़ी में आग लगाई गई है झोपड़ी में रखा गृहस्ती का सामान जलकर राख हो गया जिसमें जेवरात भी था ।पीड़ित महिला ने दबंग के खिलाफ मऊ दरवाजा पुलिस को तहरीर दी ।पुलिस ने कार्यवाही करने हेतु महिला को आश्वासन दिया है।

## राधा माधव मंदिर में पूरी हलवा कचौड़ी सब्जी मिष्ठान का भोग लगाया गया

क्यूँ न लिखूँ सच
हारून बख्श

फर्रुखाबाद – उत्तर प्रदेश फर्रुखाबाद में जगह-जगह राधा अष्टमी कृष्ण जन्म उत्सव के 15 दिन राधा अष्टमी जन्म उत्सव होता है फर्रुखाबाद शहर में राधा मंदिर किराना बाजार लोहे रोड खाटू श्याम मंदिर संतोषी माता भोलेपुर मंदिर राधा माधव जयकारे लगाते हुए भक्तों को नाच गाना राधा माधव मंदिर में पूरी हलवा कचौड़ी सब्जी मिष्ठान का भोग लगाया गया



गिलहर सभागार के अध्यक्ष मोनी गुप्ता आदित्य गुप्ता सलाहकार कपिल गुप्ता की तरफ से राधा माधव मंदिर में झांकी भजन प्रसाद की व्यवस्था सुचारू रूप से की गई राधा अष्टमी पर जन्मोत्सव भक्तों ने बड़ी धूमधाम से बनाया

## खोपा में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल

दतिमा मोड़- सूरजपुर कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत लीना कोसम के मार्गदर्शन में पूरे जिले भर में स्वच्छता ही सेवा, कचरा मुफ्त भारत अंतर्गत ?कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी परिपेक्ष में भैयाथान विकासखण्ड ग्राम पंचायत खोपा में देवधाम के समीप में ग्रामीण व आसपास ने स्वच्छता महिलाओं के बीच भैयाथान जनपद सीईओ विनय गुप्ता ने स्वच्छता सेवा पर कई चर्चाएं की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत ऐसे स्थलों को चिह्नित किया जा रहा है जहां कूड़ा-कचड़ा जमा होता है साथ ही भविष्य में कूड़ा जमा न हो इसके लिए लोगों को जागरूक कर लगातार प्रेरित किया जाएगा एवं ग्रामीण क्षेत्र के सभी सार्वजनिक स्थल पर साफ-सफाई की गई। उन्होंने बताया कि स्वच्छता ही सेवा कचरा मुक्त भारत अंतर्गत विशेष रूप से स्वच्छता पर ध्यान देने के लिए जागरूक की जा रही है पहले सोच के बाद छः चरण पर हाथ धोने की विधि बताया गया प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने को जागरूक किया गया। प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए ग्राम पंचायत के गणमान्य लोगों से आग्रह की गई। साथ ही कचरा मुक्त भारत एवं स्वच्छ रखने का शपथ लिया गया। स्वच्छता ही सेवा के तहत चलाये जा रहे कार्यक्रम को 2 अक्तूबर तक विभिन्न गतिविधियों से पूरा कर कचरा मुक्त पंचायत बनाया जाएगा साथ ही पौधरोपण, स्वच्छता शपथ का आयोजन हो रहा है। अभियान के तहत पंचायत प्रतिनिधियों से स्वच्छता ही सेवा अभियान का पम्पलेट, पोस्टर के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान मौके पर बीपीएम अंजना कुजूर, सरपंच सुखलाल सिंह, सिंह, राजेन्द्र सोनी, ठाकुर राजवाड़े, दीपक, भोले सिंह, रामप्रताप राजवाडे, राजकुमार, नितेश सिंह, एवं काफी संख्या में स्वच्छताकमी महिलाएं उपस्थित रही।

## स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत मेडीकल कॉलेज की छतों पर हुई साफ सफाई

क्यूँ न लिखूँ सच -निशाकांत शर्मा

एटा-स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत मेडीकल कॉलेज की छतों पर हुई साफ सफाई जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में मेडीकल कॉलेज की छतों पर सफाई कराने के दिए थे निर्देश जिलाधिकारी के निर्देश पर सीएमएस डा0 अशोक कुमार ने स्वयं भी छत पर जाकर सफाई कराई संचारी रोगों से बचाव हेतु साफ सफाई पर विशेष रूप से ध्यान देने के दिए निर्देश मेडीकल कॉलेज में जल भराव न हो, संक्रामक रोगों से बचाव हेतु एण्टीलारवा का छिड़काव, फॉगिंग भी कराएं



## नागदा- उधोग के दलाल को जिताओगे तो अपने क्षेत्र से गृह मंत्री को खो दोगे-पटवारी



क्यूँ न लिखूँ सच
महेश क छावा

नागदा-उज्जैन से नागदा पहुंची जन आक्रोश यात्रा मे आये पूर्व मंत्री जीतू पटवारी ने तीन घंटे विलम्ब से पहुँचने पर कन्याशाला चौराहे पर आम सभा को सम्बोधित करते हुऐ जनता को प्रलोभन देकर कांग्रेस के लिए वोट मांगे। तथा साथ मे यह भी बोले कि इस बार तुम्हे विधायक नही गृहमंत्री को जितना है ।

वही अपने भाषण मे भाजपा को निशाना बनाते हुऐ यहा तक कह दिया कि चंदा उगाने वाले को जिताओगे तो अपने क्षेत्र से गृह मंत्री को खो दोगे ।खैर यह तो लगभग तय है कि नागदा खाचरौद विधानसभा से कांग्रेस उम्मीदवार दिलीप गुर्जर ही है ।वही भाजपा मे प्रत्याशी को लेकर अभी तक किसी के नाम का चेहरा नही आया है। वही जीतू पटवारी द्वारा भाषण मामा कि सरकार मे लाडली बहना योजना के नाम पर प्रदेश मे हो रहे अपराधों को के साथ महिलाओं के साथ हो रहे बलात्कार का भी खुलासा इस जन आक्रोश यात्रा की आम सभा मे किया ।इस मोके पर विधायक दिलीप गुर्जर के भाषण के बाद तराना विधायक महेश परमार, आलोट विधायक मनोज चावला ,सैलाना विधायक गेहलोत, रामलाल मालवीय, जनपद अध्यक्ष खाचरौद पृथ्वीराज सिंह पंवार,खाचरौद नगरपालिका अध्यक्ष गोविन्द भारवि सहित अन्य ने अपने विचार रखा ।

## जाम की झाम को लगने वालो की समस्या का समाधान किया



क्यूँ न लिखूँ सच
हारून बख्श

फर्रुखाबाद -कोतवाली फर्रुखाबाद अनिल कुमार चौबे के नेतृत्व में येतेंद्र कुमार सिंह चौकी तिकोना प्रभारी ने किराना बाजार चौक चौराहे पर जाम की झाम को लगने वालो की समस्या का समाधान किया त्योहारों को देखते हुए बाजारों में काफी संख्याओं के हिसाब से भीड़ भाड़ हो रही है। इसी को लेकर येतेंद्र कुमार चौकी तिकोना प्रभारी ने स्वयं कई घंटे के हिसाब से चौराहे पर खड़े होकर जाम को खुलवाया करते हैं। चारों ओर भीड़भाड़ के अंबार लगे हुए हैं सिस्टम के साथ ट्रैफिक को चलने को बताया करते हैं साथ ही दो पहिया वाहन को रोक कर सुरक्षित आहिस्ता से वाहन चालक को चलाने को नसीहत भी क्या करते हैं उन्होंने बताया कि यह जीवन आपके लिए अनमोल हैआप सभी लोग स्वयं अपनी रक्षा अपने आप कर सकते हैं हेलमेट काअवश्य लगाने का ध्यान रखें वहांन चलाने पर इस मौके पर कांस्टेबल ट्रैफिक आरिफ खान कांस्टेबल महेश यादव आदि मौजूद रहे

## आज 10 बजे पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की 107वीं जयंती हर्ष उल्लास के साथ मनाई जाएगी

क्यूँ न लिखूँ सच
लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा सेक्टर प्रभारी सिधौली ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की 107 में जयंती मनाई जा रही है सुरेंद्रनगर पानी की टंकी के पास राम बैंक्विट हॉल कार्यक्रम स्थल है इस कार्यक्रम के संयोजक कार्यक्रम को करने वाले अलीगढ़ के लोकप्रिय विधायक माननीय अनिल पाराशर जी के द्वारा यह कार्यक्रम हो रहा है सभी किसान भाइयों से एवं कार्यकर्ताओं से क्षेत्र के सभी मुख्य नागरिकों से अनुरोध किया जाता है सुबह कल सुबह 10-00 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर भारी तो भारी संख्या में कार्यक्रम को सफल बनाएं यह कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा



## यूपी के सूचीबद्ध माफिया योगेश भदौड़ा की वीडियो वायरल

क्यूँ न लिखूँ सच
मीरा कौशिक

मेरठ -मेरठ कोर्ट में पेशी से लौटकर गैंग से मीटिंग होती थी हापुड़, पिलखुवा और गजरौला में गैंग से हुई है मीटिंग गजरौला के मोगा पंजाबी ढाबा में गैंग से मीटिंग हुई गढ़ रोड हापुड़ के शिवा ढाबा का भी वीडियो आया जेल से फोन चलाने की डिटेल अफसरों को दी गई राज्य के खूंखार 64 माफियाओं में सूचीबद्ध है भदौड़ा बिना हथकड़ी के पुलिस,गुर्गों के साथ भदौड़ा का वीडियोपेशी के बाद होटलों में पुलिस ने कराई भदौड़ा को मस्ती हर पेशी के बाद 5 से 6 घंटे होटलों में रुकता था भदौड़ा मार्च-23, 8 अगस्त, 20 सितंबर की है भदौड़ा की वीडियो सिद्धार्थनगर जेल में सजा काट रहा है वेस्ट का गैंगस्टर

## नालियों का पानी खेतों में जाने से नहीं हो रही फसल

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा-स्वग्रामवासी विनीत एवं माधव ने बताया कि दबंगों के द्वारा नाली रोक दी गई है जिससे खेतों में पानी आ जाता है पानी आ जाने से जो भी बीज खेत में डाला जाता है वह सब सड़ जाता है इस तरह खेत में कुछ भी पैदा नहीं होता है दबंगों के आगे बेबस ग्रामवासी और ग्राम प्रधान जनपद एटा के ग्राम पंचायत भटमई के ग्राम मनूपुर में ग्रामीण गंभीर समस्याओं से जूझ रहे हैं ।ग्रामीणों का आरोप है कि दबंगों ने अपने खेत के सामने से नालियों को बंद कर दिया है जिससे की नालियों का पानी उनके खेतों में चला जाता है और वहां कोई फसल नहीं हो पाती है । नाली जगह-जगह से टूट गई है जो कि किसानों ने स्वयं के खर्चे पर रिपेयर कराई है बावजूद इसके नाली का निकास आगे की ओर तालाब तक नहीं है। ग्राम वासियों का कहना है कि यदि नालियों का



पानी गांव के तालाब तक पहुंच जाए तो सभी समस्याओं का समाधान हो जाएगा । जब हम मौके पर गए तो देखा की नली वास्तव में बंद थी एवं नाली का पानी खेतों में था । दूसरी समस्या गांव में सफाई कर्मचारी का ना आना हैऔर इस बात का पता ऐसे भी चल सकता है कि गांव की सड़कों पर कीचड़ लबालब भरी हुई है । इन दोनों समस्याओं पर जब हमने ग्राम प्रधान श्री सत्यदेव सिंह शाक्य से बात की तो उन्होंने कहा यदि सफाई कर्मचारी नहीं आ रहा है तो उसकी शिकायत कीजिए , मैं काम करने में व्यस्त हूं मैं नहीं आ सकता।

## ऑन लाईन सिस्टम से होगा सदस्यता अभियान,चुनाव

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा-ऑन लाईन सिस्टम से होगा सदस्यता अभियान,चुनाव , युवा कांग्रेस के चुनाव प्रक्रिया से चुने जायेगे पदाधिकारी राजकुमार यादव जिला एटा कांग्रेस कार्यालय में पश्चिमी उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के चुनाव प्रक्रिया के लिए प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई । जो कि युवा कांग्रेस के चुनाव के संबंधित जानकारी के लिए हुई थी जिसमें ज़ोनल रिटर्निंग ऑफिसर राजकुमार यादव ने बताया कि यह कांग्रेस चुनाव की प्रक्रिया 22/09/2023 से प्रत्याशियों के नॉमिनेशन ऑनलाइन शुरू हो गया है जो 29/09/ 2023 तक रहेगा। उसके बाद 07/10/2023 ऑनलाइन मेंबरशिप 06/10/ 2023 तक होगी युवा कांग्रेस में 18 से 35 की आयु तय की गई है ऑनलाइन मेंबरशिप में एक मेंबर चार प्रत्याशियों को वोट करेंगे दो प्रदेश कार्यकारिणी के लिए व दो वोट जिला कार्यकारिणी सदस्य बनाने के होंगे



प्रदेश कार्यकारिणी में प्रदेश अध्यक्ष पहला वोट दूसरा वोट प्रदेश महासचिव के लिए होगा तीसरा वोट जिला अध्यक्ष के लिए होगा और चौथा वोट विधानसभा अध्यक्ष के लिए होगा यह सभी प्रक्रिया होने के बाद रिजल्ट्स की डेट दी जाएगी । इस अवसर गंगा सहाय लोधी जिला अध्यक्ष,ठाकुर अनिल सोलंकी कार्यवाहक जिला अध्यक्ष,शत्रुघन सिंह चौहान प्रदेश अध्यक्ष युवा कांग्रेस शोशल मीडिया,मोहम्मद तसब्बूर जिला अध्यक्ष शोशल मीडिया एटा,चंद्रकान्त गांधी , मुकेश बघेल ,आमीर खान,उमेश राजपूत ,हीरा पारासर,संजीव गुप्ता,जितेंद्र राना,दिनेश सागर,लल्ला बाबू,रियाज अब्बास आदि।

## गाजियाबाद में बाइक सवार बदमाशों ने सॉफ्टवेयर डेवलपर महिला से लूटा कीमती आईफोन

क्यूँ न लिखूँ सच -मीरा कौशिक

गाजियाबाद – पॉश इलाके कवि नगर में दो बदमाशों ने महिला से आइफोन लूट लिया। घटना शनिवार शाम छह बजे की है। कवि नगर एफ ब्लाक में रहने वाले वरुण अरनेजा की गारमेंट शाप है और उनकी पत्नी सोनम साफ्टवेयर डेवलपर हैं। एक समारोह के लिए शनिवार शाम छह बजे वह खरीदारी करने घर से निकली थीं। कुछ दूर जा पाईं तभी काल आया तो फोन पर बात करने लगीं। इसी बीच पीछे से आए दो बदमाश आइफोन लूट ले गए। उन्होंने शोर मचाकर पीछा करने की कोशिश की, मगर बदमाश भागने में कामयाब हो गए। पीड़िता के मुताबिक दोनों बदमाश हेलमेट नहीं पहने थे। बाइक वह देख नहीं पाईं ।पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## रमेश बिधुरी ने दानिश अली पर अबशब्द बयान किये,हम इस की निंदा करते है

क्यूँ न लिखूँ सच
हारून बख्श

फर्रुखाबाद – फर्रुखाबाद कायमगंज में प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई जिसकी अध्यक्षता प्रेम चंद्र कश्यप ने की आज प्रेस कॉन्फ्रेंस मे जानकारी देते हुए बताया गया कि 1- क्या बीजेपी और एनडीए का गठबंधन के बारे में जिसमे राष्ट्रीय सचिव ने बताया हमारी पार्टी पिछड़े वर्ग और दबे कुचले लोगो को न्याय दिलाने का कार्य करती है और करती रहेगी और कहा यूपी में 80 में से 80 सीटे लाएगी 2- बीजेपी भाजपा सांसद रमेश बिधुरी ने दानिश अली पर अबशब्द बयान किया उसके बारे में पूछा प्रदेश अध्यक्ष प्रेम चंद्र कश्यप ने कहा



हम इस बात की निंदा करते है ये सम्मान योग्य भाषा नही है जिसकी हम कड़ा विरोध करते है हमारी पार्टी गरीब और पिछड़े लोगो को न्याय दिलाने का कार्य करती है 3- शिवपाल सिंह यादव को पार्टी में शामिल होने के बारे में पूछा जिसके बारे में कहा की वह हमारे साथ है अगर वो पार्टी मेंआना चाहते है सम्मान योग्य है शिवपाल यादव अखलेश जी से नाराज़ थे वो आज भी हमारे साथ है 4- जाती जनगणना के बारे में पूछा जिसके बारे में कहा की हम जाती जनगणना का स्वागत करते है इसमें दलित वा पिछड़े वर्ग के लोगो को अधिकार और न्याय दिलाने का कार्य करेंगे 5- महिला आरक्षण के बारे में पूछा जिसके बारे में बताया की महिला आरक्षण स्वागत योग्य जिसमे एसटी ओबीसी पर महत्पूर्ण ध्यान दिया जाएगा उपस्तिथ लोगो में प्रदेश अध्यक्ष प्रेम चंद्र कश्यप, राष्ट्रीय सचिव शिशुपाल यादव, प्रदेश महासचिव उमेश यादव, जिलाप्रभारी रामकुमार कश्यप,जिला अध्यक्ष संजेश कश्यप,जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष पप्पी कश्यप, जिला मीडिया प्रभारी सुशील कश्यप, आदि लोग उपस्थित रहे।

## गलत इंजेक्शन लगाने से डॉक्टर की लापरवाही से महिला की हुई मौत

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा-एटा में प्राइवेट अभ्युदय हॉस्पिटल में महिला को गलत इंजेक्शन लगाने से डॉक्टर की लापरवाही से महिला की हुई मौत, परिजनो ने डॉक्टर पर गलत इंजेक्शन लगाकर लापरवाही से इलाज करने दौरान हुई मौत का लगाया आरोप, इससे पूर्व में भी इस अभ्युदय हॉस्पिटल में डॉक्टर की लापरवाही से अन्य मौत होने के भी लगाए आरोप, परिजन शव को नही उठा रहे थे हॉस्पिटल से और डॉक्टर पर कर रहे थे कड़ी कार्यवाही की मांग,मौकेनपर पहुंचा भारी पुलिस बल, डॉक्टर मुकेश परमार ने 80 हजार रुपए लेकर मरीज को ठीक करने की ली थी गारंटी, 80 हजार रुपए लेने के बाद भी मरीज का ठीक से नहीं किया गया इलाज,परिजनो का




आरोप है कि हॉस्पिटल में रात भर दर्द से कराहती रही महिला,परिजनों ने हॉस्पिटल स्टाफ पर अभ्रद्रता करने का भी लगाया आरोप, 5 दिन पूर्व घायल हुई महिला को परिजनो ने कराया था अभ्युदय हॉस्पिटल में एडमिट, परिजनों ने डॉक्टर मुकेश परमार पर 80 हजार रुपए में इलाज का ठेका लेकर लापरवाही से हुई मौत का लगाया आरोप, रात में ही हो गई थी महिला की मौत,पर देखने नही आया लापरवाह डॉक्टर, एटा कोतवाली नगर क्षेत्र के अरुणा नगर स्थित मुकेश परमार के अभ्युदय हॉस्पिटल का मामला।

## गंदगी के कारण बीमारी का शिकार हो रहे हैं वार्ड में कूड़ो का ढेर लगा हुआ

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा-निवर्तमान पालिकाध्यक्ष की कार्य प्रणाली से आहत दिखें वार्ड वासी पूर्व पालिका अध्यक्ष के कार्यों को किया याद, हाल ही में हुए नगर पालिका चुनाव के बाद अब नगर पालिका परिषद का मुखिया भी नया चुन लिया गया है जनता ने एक नए चेहरे को चुनकर पालिका की गद्दी पर काबिज किया, लेकिन अब आलम यह है कि जनपद एटा के वार्ड नंबर 11 के लोग अपना वोट देकर अब अपनी गलती का एहसास करने लगे हैं उनका कहना है वास्तविकता



यह है कि पूर्व चेयरमैन राकेश गांधी जनता की सेवा में हमेशा दिन और रात तत्पर रहे हैं। नगर पालिका के वार्ड नंबर 11 हाजीपुरा में गंदगी का अंबार इस तरह लगा हुआ है कि लोग गंदगी के कारण बीमारी का शिकार हो रहे हैं वार्ड में कूड़ो का ढेर लगा हुआ है, जिससे लोग बीमार हो रहे हैं और रास्ते से निकलने वाले राहगीरों को भी परेशानी का सामना करना। इस मामले में जब वार्ड के सभासद से बात की गई तो उनका कहना यह था कि उनके द्वारा अथक प्रयास किया जा रहा है लेकिन पता नहीं क्यों गंदगी की साफ सफाई में हीला हवाली की जा रही है। वही जब वार्ड वासियों से बात की गई उनका कहना था पूर्व में जब नगर पालिका अध्यक्ष राकेश गांधी थे उनके द्वारा कोई भी समस्या का समाधान पल भर में ही कर दिया जाता था लेकिन अब समाधान तो छोड़ो चेयरमैन साहब के दर्शन भी होना दुर्लभ हैं ऐसे में अब वार्ड के लोगों ने जिलाधिकारी से मिलने की बात कही है।

## करतला पर आयोजित स्वास्थ्य मेला में आयुष्मान भव कार्यक्रम के तहत एटा सदर विधायक ने पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड बांटे

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा-आयुष्मान भव कार्यक्रम के तहत आज करतला में साप्ताहिक स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया आयोजन का शुभारंभ सदर विधायक माननीय विपिन वर्मा डेविड जी द्वारा फीता काटकर किया। मुख्य अतिथि द्वारा आयुष्मान कार्ड की उपयोगिता के बारे में लोगों को जानकारी दी एवं लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित भी किये गये ।कार्यक्रम में जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ उमेश कुमार त्रिपाठी बागवाला सीएचसी की एमओआईसी डॉ



नीतू सोलंकी भाजपा के मंडल अध्यक्ष प्रताप सिंह आर्य प्रधान मुकेश शाक्य एवं गांव के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ रविंद्र चौहान के द्वारा किया गया।

# शहरी व ग्रामीण आंचलों में विद्युत व्यवस्था ध्वस्त- शिवनारायण परिहार

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास




